

# सोमवती अमावस्या पर ओंकारेश्वर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया नर्मदा स्नान

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर।** सोमवती अमावस्या एवं सूर्य संक्रांति के दुर्लभ संयोग पर ज्योतिर्लिंग नगरी ओंकारेश्वर में श्रद्धा और आस्था का विराट स्वरूप देखने को मिला। एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में पवित्र स्नान कर भगवान ओंकारेश्वर और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन किए। तड़के चार बजे से ही स्नान, जप, तप, दान एवं पूजा-अर्चना का क्रम प्रारंभ हो गया था।

दिनभर जेपी चौक, बड़ा चौक, मंदिर परिसर, कोटितीर्थ घाट तथा छह मंजिला रैंप पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बनी रही। हर-हर महादेव और नर्मदे हर के जयघोष से संपूर्ण तीर्थनगरी भक्तिमय वातावरण में सराबोर रही। ज्योतिषाचार्य पंडित सुधीर अत्रे के अनुसार, सोमवार को अमावस्या और सूर्य संक्रांति का संयोग बनने से इस दिन का विशेष धार्मिक महत्व रहा। इस अवसर पर कांस्य पात्र, मालपुआ, खीर, अन्न और वस्त्र दान को पुण्यदायी माना गया।श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस, प्रशासन, नगर परिषद एवं होमगार्ड द्वारा सुरक्षा, यातायात और पार्किंग की विशेष व्यवस्थाएं की गईं। प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग तथा अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। हालांकि, दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण कई स्थानों पर यातायात का दबाव भी देखने को मिला, लेकिन प्रशासनिक अमला लगातार व्यवस्था बनाए रखने में जुटा रहा। सोमवती अमावस्या के अवसर पर ओंकारेश्वर में आस्था, श्रद्धा और धार्मिक उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।



### एसडीईआरएफ जवानों ने तीन श्रद्धालुओं को डूबने से बचाया

**खंडवा।** सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए ओंकारेश्वर के घाटों पर तैनात एसडीईआरएफ जवानों ने त्वरित कार्रवाई कर तीन श्रद्धालुओं की जान बचाई। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड आशीष कुशवाह ने बताया कि ब्रह्मपुरी घाट पर बिहार के छपरा निवासी क्रिस शर्मा (22) और महाराष्ट्र निवासी आनंद हलवाई स्नान के दौरान निर्धारित सुरक्षा सीमा से आगे गहरे पानी में चले गए। डूबने की स्थिति बनने पर एसडीईआरएफ जवान हरिराम सोलंकी ने तत्काल नदी में छलांग लगाकर लाइफ बॉय की सहायता से दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान जवान राकेश पटेल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इसी प्रकार धार जिले के 15 वर्षीय कृतिक पाटीदार सुरक्षा



रेलिंग के बाहर जाने के दौरान गहरे पानी में फंस गया। हरिराम सोलंकी, राकेश पटेल और नाविक अरुण वर्मा ने सुरक्षा नाव की मदद से किशोर का सफल रेस्क्यू किया। जिला कमांडेंट ने तीनों के साहस और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किए जाने की बात कही।

### दर्शन की खुशी पलभर में मातम में बदली ओंकारेश्वर में डूबने से श्रद्धालु की मौत

सोमवती अमावस्या पर भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन के लिए महाराष्ट्र के अमरावती से आए श्रद्धालु राहुल देशपांडे की नर्मदा में डूबने से मौत हो गई। दर्शन के बाद राहुल अपने साथियों के साथ विट्ठल हनुमान मंदिर के नीचे स्थित घाट पर स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान वे गहरे पानी वाले हिस्से में चले गए और पैर फिसलने से संतुलन खो बैठे, जिससे वे डूबने लगे। घटना को देख घाट पर अफरा-तफरी मच गई। साथियों की आवाज सुनकर नाविक तत्काल मौके पर पहुंचे और लाइफ जैकेट की मदद से राहुल को पानी से बाहर निकाला। हालांकि तब तक उनकी हालत गंभीर हो चुकी थी। भारी भीड़ के बीच साथियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया और सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने सीपीआर सहित आवश्यक उपचार किए, लेकिन शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। घटना ने नर्मदा घाटों पर स्नान के दौरान सतर्कता और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता को एक बार फिर सामने ला दिया है।

# प्राणघातक हमला मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** थाना धनगांव पुलिस ने मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल खंडवा भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार ग्राम कालमुखी निवासी वंदना तंवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शुभम तंवर, पवन तंवर और ममताबाई तंवर ने उसके तथा उसके पति रितेश तंवर के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे के सरिए और लकड़ी से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। मामले में थाना धनगांव में अपराध क्रमांक 162/26 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शुभम तंवर (21), पवन तंवर (23) एवं ममताबाई तंवर (42), निवासी ग्राम कालमुखी को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल खंडवा भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गंगाप्रसाद वर्मा, उपनिरीक्षक निर्मल कन्नौजे सहित थाना धनगांव पुलिस टीम की भूमिका रही।

# जिला जेल में योग शिविर का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिला जेल खंडवा में सोमवार को योग शिविर का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 15 से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताहभर संचालित किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित इस योग शिविर का उद्देश्य बंदियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ बनाना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान योग शिविर में शामिल बंदियों को मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के लोगोयुक्त टी-शर्ट वितरित की गई। योग शिविर में अनुभवी योग प्रशिक्षक श्री दिनेश जोशी ने बंदियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं



ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। उन्होंने बंदियों को ताडासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं गहरी श्वास संबंधी योग क्रियाओं का प्रशिक्षण देते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्फूर्ति बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है तथा सकारात्मक सोच का विकास होता है। बंदियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया और प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय के रजिस्ट्रार अरविंद सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष भावे, प्रशिक्षु न्यायाधीश कविश ठाकुर, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, जेलर नवीन नेमा के अलावा जिला जेल खण्डवा के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# 21 जून तक निपटाएं सीएम हेल्पलाइन के लंबित मामले, वरना गिरेगी गाज

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** कलेक्ट्रेड में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी आला अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न शासकीय योजनाओं, आगामी आयोजनों और महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौडा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौडा, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, अपर कलेक्टर केआर बडोले सहित सभी एसडीएम, सीएमओ और जनपद पंचायतों के सीईओ उपस्थित थे। बैठक में लिए गए सभी निर्णयों और निर्देशों का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

**सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय सीमा में और संतुष्टिपूर्ण निराकरण-** कलेक्टर गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विभागवार गहन समीक्षा की और लंबित मामलों पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में जितने भी मामले 100 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, उन सभी का निराकरण 21 जून से पहले हर हाल में कर दिया जाए। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि कोई भी शिकायत नॉट अटेंड नहीं रहनी चाहिए । अधिकारियों को पाबंद किया गया है कि वे शिकायत को बंद करने से पहले संबंधित आवेदक से खुद फोन पर या व्यक्तिगत रूप से बात करें और उनकी समस्या का संतुष्टिपूर्ण समाधान निकालें। यदि कोई मामला राज्य शासन स्तर का है, तो उसके समाधान के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर तालमेल बिठाया जाए।

**रोजगार गारंटी योजना के कार्यों को पूर्ण करने की डेडलाइन और नई योजना का आगाज** -बैठक में ग्रामीण विकास और रोजगार के मुद्दों पर भी अहम चर्चा हुई। कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे सभी विकास कार्यों को 30 जून तक अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत पूरा करवा लें।

इस समय सीमा का कारण यह है कि आगामी 1 जुलाई से शासन द्वारा एक नई और महत्वपूर्ण वीबीजी-राम जी योजना प्रारम्भ की जा रही है,



जिसके सुचारू क्रियान्वयन के लिए पुराने कार्यों का समय पर पूरा होना आवश्यक है।

**राष्ट्रपति महोदय के ओंकारेश्वर प्रवास को लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता-** कलेक्टर ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को अत्यंत गंभीरता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 18 एवं 19 जून को माननीय राष्ट्रपति महोदय का पवित्र नगरी ओंकारेश्वर में प्रवास कार्यक्रम प्रस्तावित है।

इस वीवीआईपी दौरे से संबंधित सुरक्षा, सत्कार, और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी जिन भी अधिकारियों को सौंपी गई है, वे इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें। सभी सौंपे गए कार्यों को पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और बिना किसी त्रुटि के समय से पहले संपन्न कराया जाए।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामूहिक आयोजन की तैयारियां-** 21 जून को पूरे विश्व के साथ जिले में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस- मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में एक विशाल सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे इस गरिमामयी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्थान का चयन, बैठक व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र और नागरिकों व विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने जैसी सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर लें।

**ज्ञान भारतम पोर्टल के माध्यम से प्राचीन धरोहरों का संरक्षण-**भारत सरकार द्वारा देश की समृद्ध बौद्धिक, सांस्कृतिक धरोहर और प्राचीन ज्ञान परंपरा को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए ज्ञान भारतम् पोर्टल की शुरुआत की गई है। कलेक्टर ने इस संबंध में सभी एसडीएम और तहसीलदारों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है।

# मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 33 मरीजों को इंदौर भेजा



**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छैगांवमाखन में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण बिरला ने बताया कि नेत्र जांच शिविर में 70 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से मोतियाबिंद के चिन्हित 33 मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इंदौर भेजा गया। डॉ. बिरला ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छैगांवमाखन में प्रति सोमवार, गुरुवार व शनिवार नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाता है।

# बिना आंधी-तूफान गिर रहे बिजली पोल, ग्रामीणों ने उठाए मेंटेनेंस पर सवाल

**नवभारत न्यूज़**

**बीड़** ग्राम बीड़ में बिजली व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना आंधी-तूफान और तेज हवा के भी बिजली के पोल गिर रहे हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है और कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के मेंटेनेंस कार्यों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि विभाग रखरखाव के नाम पर केवल औपचारिकता निभा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में कई बिजली पोल जर्जर स्थिति में हैं, लेकिन समय पर उनकी मरम्मत या बदलाव नहीं किया जा रहा है।

परिणामस्वरूप मामूली परिस्थितियों में भी पोल गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे न केवल बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है, बल्कि राहगीरों और किसानों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता रहता है। इधर, लगातार हो रही बिजली कटौती ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय भी बिना पूर्व सूचना के दो से तीन घंटे तक बिजली बंद रहती है। भीषण गर्मी के दौर में बार-बार होने वाली कटौती से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, वहीं विद्यार्थियों और किसानों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बिजली विभाग क्षेत्र में जर्जर पोलों का सर्वे कर उन्हें तत्काल बदले, नियमित मेंटेनेंस सुनिश्चित करे तथा अनावश्यक बिजली कटौती पर रोक लगाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को मेंटेनेंस और बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम हो।

# उद्यानिकी फसलों से किसान बढ़ा सकते हैं आय : कलेक्टर गुप्ता

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक में किसानों से परंपरागत खेती के बजाय उन्नत एवं जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जैविक उत्पाद बाजार में अधिक मूल्य पर बिकते हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ सकती है।

कलेक्टर ने किसानों को परंपरागत फसलों के स्थान पर उद्यानिकी फसलों को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि इन फसलों से तुलनात्मक रूप से अधिक आय प्राप्त होती है। बैठक में उन्नत किसान अश्विन रघुवंशी ने टमाटर सहित उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से कम समय में अधिक आय प्राप्त करने के अपने अनुभव साझा किए। वहीं, रहेजा सोलर फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि ने किसानों को समग्र सोलर ड्रायर की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यवाही

दर्जनों चालान काट वसूला हजारों का जुर्माना, पुलिस लगातार चला रही अभियान

# मॉडिफाइड सायलेंसर और फर्राटा भरने वालों की खैर नहीं

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शहर की सड़कों पर हुड़दंग मचाने वाले और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ खंडवा पुलिस ने पूरी तरह कमर कस ली है। आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों की रीढ़ तोड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में एक साथ बड़े पैमाने पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

**कप्तान के निर्देश पर मैदान में उतरा भारी पुलिस बल-**

पुलिस अधीक्षक महोदय ने मैदानी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि आम जनता के बीच पुलिस की उपस्थिति बढ़ाई जाए और सड़कों पर हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जाए।

इसी आदेश के परिपालन में 14 जून को जिले के सभी थाना प्रभारियों ने अपने थानों के अधिकतम पुलिस बल के साथ मुख्य चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर नाकेबंदी कर दी।



**36 वाहनों से वसूला मोटा जुर्माना -**

इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान तेज गति से वाहन चलाने वाले, बिना हेलमेट/दस्तावेजों के घूमने वाले और साइलेंसर मॉडिफाई कराकर कानफोड़ू आवाज निकालने वाले हुड़दंगियों को विशेष रूप से टारगेट किया गया। पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कुल 36 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और मौके पर ही 13,600 रुपये का समन शुल्क वसूल किया।

**हुड़दंगियों को पुलिस की दो टूक, सुधर जाएं, वरना सीज होंगे वाहन-**

कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस ने वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी भी दी। थाना प्रभारियों ने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि सड़कों पर तेज रफ्तार में गाड़ियां न दौड़ाई जाएं, मॉडिफाइड साइलेंसर या अनधिकृत वाहनों का उपयोग तुरंत बंद करें और यातायात नियमों का पूरी कड़ाई से पालन करें। पुलिस ने साफ कर दिया है कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर और भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।